an>

Title: Need to provide better railway services in Hoshiar Pur Parliamentary Constituency.

श्री विजय सांपला (होशियारपुर): सभापति जी, मैं अपने संसदीय क्षेत्र की बात माननीय रेल मंत्री जी पहुंचाना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र होशियारपुर में सप्ताह में एक ही दिन ट्रेन जाती है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि यह ट्रेन सातों दिन चलनी चाहिए क्योंकि उसके साथ हिमाचल का बार्डर लगता है। यहां लोग माता चिंतपूरनी, चमुंडा देवी की यात्रा पर जाते हैं, इससे उन्हें सुविधा मिलेगी। श्रीशक्ति ट्रेन जो माननीय प्रधानमंत्री जी ने चलाई है, जो दिल्ली से कटरा तक जाती है, उसका ठहराव लुधियाना के बाद जालंधर कैंट में आता है जबकि बीच में फग्वाड़ा स्टेशन मेरे क्षेत्र में पड़ता है। इसके आस-पास दो सौ, ढाई सौ गांव को प्रभावित करता है इसलिए उनकी जरूरत के मुताबिक यहां ट्रेन का ठहराव होना चाहिए। महोदय, हर सांसद चाहता है कि उसका क्षेत्र उन्नति करे। मुझे यह देख कर आश्चर्य होता है कि पहले जो ट्रेनें मेरे क्षेत्र में रुकती थीं, आज समय बीतने के साथ उनकी संख्या बढ़नी चाहिए थी मगर जैसे मालवा, एक्सप्रेस मुकेरिया में ट्रेन का ठहराव था जिसे पूर्ववत् रहना दिया जाये , अब सितम्बर और अक्टूबर से मालवा स्टेशन पर ट्रेन का ठहराव बंद किया जा रहा है। दसुआ और टांडा में जो ट्रेनें चलती थीं, उनके ठहराव रोक दिए हैं। जबकि लोगों की डिमांड ज्यादा है। उक्त स्टेशन पर 12 बजे से लेकर रात के 8 बजे तक बीच में न तो कोई पैसेंजर ट्रेन चलती है और न ही कोई मेल गाड़ी रुकती है। मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि टांडा, दसुआ, मुकेरिया के लिए उचित ट्रेनों की व्यवस्था करें और जो ट्रेनें पहले चलती थीं, उनका ठहराव पहले की तरह सुनिश्चित किया जाए।